भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 1658

(जिसका उत्तर गुरुवार, 7 मार्च, 2013/16 फाल्गुन, 1934 (शक) को दिया गया)

<u>राज्य स्तर के अधिकारी</u>

1658. श्री दिलीप सिंह जूदेव :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ग्वालियर स्थित वर्तमान कार्यालय को दो भागों में बांटने के पश्चात् रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के ऊपर क्षेत्राधिकार वाले कंपनी रजिस्ट्रार के कार्यालय की स्थापना हेतु कोई अनुरोध/ज्ञापन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री सचिन पायलट)

(क) और (ख): जी, हां। कंपनी रजिस्ट्रार-सह-शासकीय समापक, छत्तीसगढ़ का कार्यालय बिलासपुर में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने बिलासपुर में इस कार्यालय को स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं, जिसके लिए शीघ्र ही पट्टा करार पर हस्ताक्षर होने की आशा है।

*****